सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-99
18/02/2018

जापान यात्रा पर रवाना होने के पूर्व मुख्यमंत्री को जदयू नेताओं ने दी शुभकामनायें

पटना, 18 फरवरी 2018 :– चार दिवसीय जापान यात्रा पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को जदयू नेताओं ने उनसे मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आवास पहुँच कर नेताओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर शुभकामनाएं देने वालों में राज्यसभा सांसद श्री आर0सी0पी0सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, विधान पार्षद श्री देवेश चंद्र ठाकुर, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, विधान पार्षद डॉ0 रणवीर नंदन, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदय कांत मिश्र, प्रवक्ता अजय आलोक, राज्य खाद्य निगम के सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल थे।

मुख्यमंत्री के पटना एयरपोर्ट पहुँचने पर भी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जापान यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

******